हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, रविवार 3 मई 2026

तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

[ बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर ]

10 पुलिस ने 39 गुमशुदा की तलाश की वमिलाया...



11 सुशासन तिहार से गांव गांव पहुंच रही सरकार



# बस्तर की पारंपरिक शिल्पकलाओं को देख मुग्ध हुए जयपुर के विशेषज्ञ

## डिजाइन और ब्रांडिंग से बदलेगी शिल्पकारों की तकदीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर की पावन धरा पर सदियों से जीवंत पारंपरिक शिल्पकला अब राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपनी नई चमक बिखेरने को तैयार है। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तत्वावधान में राजस्थान की प्रतिष्ठित संस्था, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ क्राफ्ट एंड डिजाइन जयपुर के एक विशेषज्ञ दल ने 30 अप्रैल को बस्तर के ग्रामीण अंचलों का दौरा कर यहां के हस्तशिल्प की बारीकियों को समझा। इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य बस्तर के पारंपरिक हुनर को आधुनिक बाजार की मांग के अनुरूप ढालना और स्थानीय आर्टिजन्स को बेहतर मार्केटिंग के अवसर प्रदान करना था। विशेषज्ञ दल ने सीधे शिल्पकारों के घर-आंगन तक पहुंचकर उनकी कला का अवलोकन किया। अलवाही-चिलकुटी में बेलमेटल की जटिल निर्माण प्रक्रिया से लेकर चपका में रेशम धागाकरण की कुशलता तक, विशेषज्ञों ने हर पहलू को बारीकी से परखा। लामकेर में लकड़ी और पत्थर की नक्काशी तथा परचानपाल में सीसल कला में जुटे समूहों से संवाद करते हुए दल ने कच्चे माल की उपलब्धता, श्रम की अवधि और स्थानीय बाजार में आ रही चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की। इस भ्रमण के दौरान राज्य कार्यालय से एएसपीएम मनोज मिश्रा के नेतृत्व में जिला और ब्लॉक स्तर के अधिकारियों की सक्रिय उपस्थिति ▶▶| शेष पेज 10 पर



### जयपुर किया आमंत्रित

इस दौरान विशेषज्ञों ने माना कि बस्तर के शिल्पकारों के पास अद्भुत कौशल है, जिसे यदि सही डिजाइन और ब्रांडिंग का सहयोग मिले, तो इसके मूल्य में कई गुना वृद्धि की जा सकती है। इस कलात्मक विनिमय को आगे बढ़ाने के लिए आईआईसीडी जयपुर ने बस्तर के शिल्पकार समूहों को जयपुर आने का निमंत्रण दिया है। यहाँ उन्हें विशेष प्रशिक्षण और शैक्षणिक भ्रमण के माध्यम से आधुनिक पैकेजिंग, ई-कॉमर्स मार्केटिंग और बाजार की नवीन प्रवृत्तियों से अवगत कराया जाएगा। संस्थान की योजना है कि बस्तर के युवाओं और महिला समूहों को डिजाइन के आधुनिक मापदंडों में दक्ष किया जाए, ताकि उनके उत्पाद बड़े शहरों के शोरूम और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर अपनी धाक जमा सकें।

## खबर संक्षेप



### गुरु नानक पब्लिक स्कूल के हेल्थ कैंप में पहुंचे कई मरीज

**जगदलपुर।** कांटीनेंटल सुपर स्पेशयलिटी हॉस्पिटल की टीम ने शनिवार को फ्री मेडिकल चेकअप केम्प का आयोजन किया, यह शिविर रविवार को भी होगा। संजय बाजार समीप स्थित श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल प्रबंधन ने हेल्थ कैम्प का आयोजन किया, जिसमें बड़ी संख्या में जांच परीक्षण के लिए लोग पहुंचे। यहां स्कूल परिसर में मरीजों और परिजनों की सुविधा का ध्यान रखा गया। शनिवार को सुबह 9 बजे से आर्थो, न्यूरो, डाइटिशियन, यूरोलॉजी और जनरल मेडिसिन डॉक्टर्स उपलब्ध रहे। मरीजों का रजिस्ट्रेशन तत्काल किया गया, प्राथमिक जांच के बाद नर्सिंग स्टॉफ चिकित्सक तक ले जा रहे थे। सीसीएसएच और श्री गुरुनानक स्कूल पब्लिक स्कूल के संयुक्त तत्वाधान में हुए स्वास्थ्य शिविर में शहर के हर वार्ड सहित दूर दराज से आए मरीजों का चेकअप हुआ। डॉक्टर्स ने उन्हें उचित परामर्श भी दिया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन, सिख समाज के पदाधिकारियों सहित सीसीएसएच की टीम मौजूद रहे।

### ईश्वरम्मा दिवस पर हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम



**जगदलपुर।** शहर के श्री सत्य साई सेवा समिति के तत्वावधान में ईश्वरम्मा दिवस सप्ताह पर विशेष भजन का आयोजन भक्ति भाव एवं उत्साह पूर्वक सम्पन्न हुआ। भजन उपरान्त भगवान का दिव्य संदेश का वाचन किया गया। उसके बाद ग्राम ▶▶| शेष पेज 10 पर

### आरोपियों के जंगल में घेराबंदी कर हिरासत में लिया

# जादू टोना के संदेह में दिनदहाड़े की सगे भाइयों ने गला रेतकर ग्रामीण की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ हत्याकांड को अंजाम देने वाले दोनों आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

पखनार चौकी क्षेत्र के मुन्देनार में एक ग्रामीण की उस समय हत्या कर दी गई जब वह अपने घर के सामने कुछ काम कर रहा था। पुरानी रंजिश के चलते जादूटोना का आरोप लगाकर दो सगे भाईयों ने घटना को अंजाम दिया। पखनार चौकी प्रभारी राजेश कुमार राठौर ने बताया कि मुदेंनार निवासी हिड़मो मड़काम ने चौकी में आकर हत्या की सूचना देते हुए बताया कि मुन्देनार के कोटवारपारा में हत्या हुआ है। सूचना मिलते ही एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश पर टीम तत्काल घटनास्थल रवाना हुई। मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों से पूछताछ की गई। प्रत्यक्षदर्शी राजू मड़कामी ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि मुन्देनार मीठूपारा निवासी सगे भाईयों द्वारा हत्या किया गया है। गुरूवार की सुबह लगभग दस बजे सुखराम मड़कामी पिता भीमा मड़कामी 40 वर्ष व उसका छोटा भाई आयतु मड़कामी 35 वर्ष ने कोटवारपारा निवासी मंगलू मण्डावी को छुरी से सीने व गला काटकर हत्या किया है। घटना को अंजाम देने के बाद दोनों भाई मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मौके पर पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पीएम के लिए रवाना किया। आरोपियों के खिलाफ धारा 103(1), 3 (5) के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही थी।




### पुरानी रजिंश व शक बनी हत्या की वजह

पुलिस की पूछताछ में इस बात का खुलाशा हुआ कि घटना दिनांक को गांव के बीच में शराब के नशे मे पहुंचे आरोपियों ने मृतक पर जादूटोना व देव करने का आरोप लगाया और दिनदहाड़े नक्सलियों की तर्ज पर ग्रामीणों के सामने ही गला रेतकर हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि मृतक व आरोपियों के बीच इसी बात को लेकर पुरानी रजिंश चली आ रही थी जो हत्या की वजह बनी। बहरहाल पुलिस मामले की विवेचना कर रही है। बस्तर में इस तरह की यह पहली वारदात नहीं है इससे पूर्व भी बस्तर के अलग अलग इलाके में जादू टोना के सदेंह में हत्या की कई वारदात हो चुकी है।

### जंगल में घेराबंदी कर आरोपियों को किया गिरफ्तार

चौकी प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार राठौर ने बताया कि हत्याकांड को अंजाम देकर फरार हो गए आरोपियों की तलाश की जा रही थी। इसी बीच एक मई को आरोपियों के जंगल में होने की सूचना मिली सूचना मिलते ही घेराबंदी कर आरोपियों को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में दोनों आरोपी भाईयों ने हत्या करना कबूल किया। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया।

# मुख्यमंत्री के दौरे से पहले पूर्ण हो सुशासन तिहार के शिविरों की तैयारी : डिप्टी सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ एसपी से कहा स्टॉल लगाकर सायबर क्राइम पर जागरूक करें

उप मुख्यमंत्री एवं प्रभारी मंत्री विजय शर्मा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सुशासन तिहार के आयोजन की तैयारियों के संबंध में जिला प्रशासन से जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने बस्तर कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक एवं जिला पंचायत सीईओ से चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे से पहले सुशासन तिहार की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली जाएं। शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने पर जोर दिया। शिविर स्थल में जनता के समस्या का त्वरित निराकरण की पहल हो, नक्शा-खसरा का निःशुल्क वितरण की व्यवस्था, सेवा सेतु का स्टॉल लगाकर सेवाओं की जानकारी दें और पुलिस विभाग के स्टॉल में अपराधों के नियमों, सायबर क्राइम के संबंध में जागरूकता अभियान किया जाए। शिविर की व्यापक प्रचार-प्रसार के साथ क्षेत्र के मंत्री, विधायक, सांसद, जिला पंचायत अध्यक्ष, सदस्य, जनपदो के पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों, समाज प्रमुखों, संघ-संगठनों के पदाधिकारियों को आमंत्रित किया जाए। शिविरों में अधिक से अधिक को जोड़ते हुए उनके समस्याओं का निराकरण की पहल किया जाए।



बैठक में कलेक्टर आकाश छिकारा ने बस्तर जिले में सुशासन तिहार के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में 28, जगदलपुर नगर निगम क्षेत्र में 5 तथा नगर पंचायत बस्तर में 4 शिविर आयोजित किए जाने की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सुशासन तिहार के साथ ही राजस्व पखवाड़ा, बस्तर मुन्ने एवं नियद नेल्लानार योजना 2.0 के तहत भी शिविर लगाए जा रहे हैं। कलेक्टर ने बताया कि शिविरों में नरेगा मजदूरी भुगतान, समाज कल्याण विभाग की पेंशन योजनाएं, प्रधानमंत्री आवास योजना, राशन कार्ड निर्माण एवं वितरण, राजस्व प्रकरणों का निराकरण, जाति प्रमाण पत्र, स्कूल शिक्षा तथा स्वास्थ्य सुविधाओं से संबंधित सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में आयोजित बैठक में पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा, डीएफओ उत्तम गुप्ता, जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन, अपर कलेक्टर सी.पी. बघेल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, नगर निगम आयुक्त, सीएमओ, पीएचई विभाग के अधिकारी सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने कुम्हली गांव में देखी स्वास्थ्य जांच प्रक्रिया

# गांव का कोई भी परिवार जांच की प्रक्रिया से वंचित न रहे : छिकारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से संचालित मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान की जमीनी हकीकत परखने के लिए कलेक्टर आकाश छिकारा ने पंचायत कुम्हली का दौरा कर स्वास्थ्य जांच प्रक्रिया का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान शिविर में तैनात चिकित्सा दलों से चर्चा की और ग्रामीणों के स्वास्थ्य परीक्षण की जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जांच के उपरांत मरीजों को आवश्यकतानुसार तत्काल निःशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई जाएं ताकि उपचार में किसी प्रकार का विलंब न हो। साथ ही बेहतर उपचार की जरूरत के अनुसार संबंधित मरीजों को उच्च चिकित्सा संस्थान के लिए रिफर किया जाए। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि इस अभियान का मुख्य लक्ष्य शत-प्रतिशत जनसंख्या को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करना है, इसलिए यह सुनिश्चित किया जाए कि गांव का कोई भी परिवार जांच की प्रक्रिया से वंचित न रहे। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अमले को ग्रामीणों के डिजिटल आयुष्मान हेल्थ प्रोफाइल (आभा) बनाने के कार्य में तेजी लाने और गंभीर बीमारियों के मामलों में त्वरित रेफरल सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने शिविर में मौजूद ग्रामीणों को प्रोत्साहित करते हुए अपील की कि वे अपने परिवार के सभी सदस्यों की जांच अवश्य कराएं, क्योंकि रोगों की समय पर पहचान ही बेहतर स्वास्थ्य की कुंजी है। इस दौरान एसडीएम ऋषिकेश तिवारी, तहसीलदार राहुल गुप्ता सहित अन्य अधिकारी एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।



# दिव्यांग दुलमा बाई के घर लगा नल, मिला व्हीलचेयर



**जगदलपुर।** बस्तर ब्लॉक के ग्राम जामगुड़ा में दिव्यांग दुलमा बाई के घर में पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की गई। पीएचई विभाग के ईई मरकाम और एसडीएम गगनशर्मा ने मौके पर जाकर निरीक्षण किया । गौरतलब है कि दिव्यांग महिला को पानी के लिए सड़क पार करना पड़ रहा था। सोशल मीडिया में खबर वायरल होने के बाद महिला को पानी और व्हील चेयर मिल पाया।

# नपं भोपालपटनम में नियमों की अनदेखी नियम विरुद्ध निविदाएं व पक्षपात : रेड्डी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम

■ भाजपा मंडल अध्यक्ष ने लगाए कई आरोप

भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष नरसिंह रेड्डी ने नगर पंचायत भोपालपटनम के मुख्य नगर पालिका अधिकारी और यहां के जनप्रतिनिधियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं। जारी प्रेस विज्ञप्ति में उन्होंने कहा कि नगर पंचायत में विकास कार्यों के नाम पर नियमों को दरकिनार कर मनमानी तरीके से ठेके देने की प्रक्रिया अपनाई जा रही है। जिससे स्थानीय ठेकेदारों के साथ भेदभाव हो रहा है। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत में बिना विधिवत निविदा प्रक्रिया के आवेदन लिए जा रहे हैं जो नियमों के विपरीत है। इस प्रक्रिया में पारदर्शिता का अभाव है और आवेदन प्रक्रिया को इस तरह संचालित किया जा रहा है कि स्थानीय ठेकेदार इसमें भाग ही नहीं ले पा रहे हैं। वर्तमान में नगर पंचायत द्वारा करीब 23 निर्माण कार्यों के लिए लगभग 1 करोड़ 88 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। इन सभी कार्यों को एक ही चहेते ठेकेदार को देने की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है जो पक्षपात को दशार्ता है।



भाजपा नेता का कहना है कि इस तरह की कार्यप्रणाली न केवल नियमों की अवहेलना है बल्कि यह स्थानीय ठेकेदारों के अधिकारों का भी हनन है। उन्होंने नगर पंचायत के जनप्रतिनिधियों पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि भोपालपटनम नगर पंचायत के 15 वार्डों में अधिकांश पार्षद कांग्रेस के हैं तथा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष भी कांग्रेस से संबंधित हैं। इसके बावजूद इस पूरे मामले में उनकी चुप्पी कई सवाल खड़े करती है। उन्होंने मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषी अधिकारियों के साथ-साथ जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों ▶▶| शेष पेज 10 पर

### फोन नहीं उठाते करते हैं मनमानी

सीएमओ किसी भी प्रकार की जानकारी पार्षद तक को नहीं देते हैं । पीआईसी बैठक में भी नहीं बताया गया। यहां तक कि वे मेरा फोन तक नहीं उठाते हैं वे अपनी मनमानी करते हैं ।

\- रिंकी कोरम, अध्यक्ष नगर पंचायत भोपालपटनम

### प्रगणक दिगेश्वर पोर्ते के कार्य की अधिकारियों ने की सराहना

# तोकापाल के ग्राम गाटम में पहले दिन ही पूरा हुआ जनगणना कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में जिले में शनिवार से जनगणना कार्य का औपचारिक शुभारंभ हो गया। सुबह 6 बजे से ही प्रगणकों ने घर-घर पहुंचकर गणना कार्य प्रारंभ किया। तोकापाल विकासखंड अंतर्गत ग्राम गाटम के एक गणना ब्लॉक का कार्य पहले ही दिन पूर्ण कर लिया गया। प्रगणक दिगेश्वर पोर्ते ने तड़के नाला पार कर ग्राम तक पहुंचते हुए कठिन परिस्थितियों में भी जनगणना कार्य को सफलतापूर्वक पूरा किया। जानकारी के अनुसार उन्हें कुल तीन गणना ब्लॉक आवंटित किए गए हैं, जिनमें सबसे विषम क्षेत्र वाले ब्लॉक का कार्य उन्होंने प्राथमिकता से पूर्ण किया। ग्राम गाटम में पहले दिन ही गणना कार्य पूर्ण होने की जानकारी राज्य स्तर तक पहुंचने पर निरीक्षण के लिए डिप्टी कलेक्टर हीरा गवर्ना, राज्य मास्टर ट्रेनर संतोष मेंड्रे, जिला मास्टर ट्रेनर जीवन लाल साहू, ब्लॉक मास्टर ट्रेनर तरुण ठाकुर, एसडीएम तोकापाल शंकर लाल सिन्हा, तहसीलदार यशोदा केतारप एवं सुपरवाइजर पवन बहादुर मौके पर पहुंचे और प्रगणक पोर्ते के कार्यों का अवलोकन किया।



अधिकारियों ने उनके समर्पण और कार्यशैली की सराहना की। तथा अन्य प्रगणकों को भी अपने-अपने क्षेत्रों में शीघ्रता एवं गंभीरता से जनगणना कार्य पूर्ण करने के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में जिलेभर में प्रगणक गर्मी से बचाव को ध्यान में रखते हुए सुबह से ही फील्ड में पहुंचकर जनगणना कार्य संपादित कर रहे हैं।



### तेंदूपत्ता संग्रहण एवं प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में निभा रही भूमिका

# नेतृत्व कौशल से मिसाल बनी युवतियां

लीलाधर राठी ▸▸| सुकमा

कभी नक्सलवाद का गढ़ माना जाता था जो क्षेत्र आज वहीं आदिवासी युवती शासन की योजनाओं का नेतृत्व करते हुए महिला सशक्तिकरण की प्रेरक मिसाल बन रही हैं। तेंदूपत्ता संग्रहण एवं प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में स्थानीय

- **प्रबंधकों की भूमिका ने दिया सकारात्मक परिवर्तन का संदेश**

महिलाओं की भागीदारी न केवल उनकी आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति को मजबूत कर रही है, बल्कि क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन का संदेश भी दे रही है।

तेंदूपत्ता प्रबंधन में महिला सशक्तिकरण की दिशा में आगे बढ़ रही है। सुकमा जिले के नक्सल प्रभावित अंचलों में अब बदलाव की नई कहानी लिखी जा रही है। जिन क्षेत्रों को कभी नक्सलवाद का गढ़ माना जाता था, वहीं आज आदिवासी युवा महिलाएं शासन की योजनाओं का नेतृत्व करते हुए महिला सशक्तिकरण की प्रेरक मिसाल बन रही हैं। तेंदूपत्ता संग्रहण एवं प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में स्थानीय महिलाओं की भागीदारी न केवल उनकी आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति को मजबूत कर रही है, बल्कि क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन का संदेश भी दे रही है। जग्गावरम प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति की 23 वर्षीय युवा आदिवासी महिला प्रबंधक कु. दिल्पा किच्चे अपने कार्यों से नई पहचान बना रही हैं। जग्गावरम जैसे संवेदनशील क्षेत्र में 30 फड़ों के संचालन की जिम्मेदारी संभालते हुए वे तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य का सफलतापूर्वक संचालन कर रही हैं। इस समिति में लगभग 5000 मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहण का अनुमान है, जिसके एवज में लगभग 2.5 करोड़ रुपये का भुगतान संग्राहकों को किया जाएगा। इससे बड़ी संख्या में स्थानीय परिवारों को सीधा आर्थिक लाभ मिलेगा।





#### पारदर्शी एवं निष्पक्ष नियुक्ति प्रक्रिया की भी महत्वपूर्ण भूमिका

वन मंत्री केदार कश्यप ने इस सकारात्मक बदलाव के पीछे पारदर्शी एवं निष्पक्ष नियुक्ति प्रक्रिया की भी महत्वपूर्ण भूमिका बताया है। योग्यता एवं क्षमता के आधार पर स्थानीय युवाओं को जिम्मेदारी सौंपे जाने से आदिवासी अंचलों की प्रतिभाओं को आगे आने का अवसर मिला है। इसी पारदर्शी व्यवस्था के कारण आज स्थानीय आदिवासी जनजाति की बेटियां महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां संभालते हुए क्षेत्र के विकास में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं।

#### आदिवासी बेटियों के हाथों में कमान

फूलबगड़ी प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति की 22 वर्षीय आदिवासी युवा महिला प्रबंधक कु. पुष्पा मड़काम भी अपने नेतृत्व कौशल से क्षेत्र में नई मिसाल कायम कर रही हैं। उनके प्रबंधन में 16 फड़ों के माध्यम से लगभग 4000 मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहण का अनुमान है, जिसके लिए करीब 2 करोड़ रुपये का भुगतान किया जाएगा। यह पहल स्थानीय समुदाय, विशेषकर महिलाओं एवं वन आश्रित परिवारों की आजीविका सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। तेंदूपत्ता प्रबंधन में इन युवा महिलाओं की सक्रिय भागीदारी केवल प्रशासनिक जिम्मेदारी निभाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आत्मनिर्भरता, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक बदलाव की एक सशक्त कहानी भी है। सुकमा की ये बेटियां आज पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणा बनकर उभर रही हैं।

#### महिला नेतृत्व के केंद्र बनते जा रहे हैं नक्सल केंद्र

वन मंडलाधिकारी अक्षय भोसले ने इस बदलाव पर कहा कि जग्गावरम और फूलबगड़ी जैसे क्षेत्र, जो कभी नक्सल गतिविधियों के केंद्र माने जाते थे, आज विकास, रोजगार और महिला नेतृत्व के केंद्र बनते जा रहे हैं। शासन की मंशानुरूप स्थानीय आदिवासी बेटियों जिम्मेदारीपूर्ण पदों पर कार्य करना इस बात का प्रमाण है कि शासन की योजनाएं अब अंतिम छोर तक पहुंच रही हैं और समाज के हर वर्ग को विकास की मुख्यधारा से जोड़ रही हैं।

## संजय बाजार व्यापारी कल्याण संघ ने मनाया मजदूर दिवस



जगदलपुर। मजदूर दिवस पर आज संजय बाजार व्यापारी संघ ने श्रमिकों का सम्मान कर उन्हें भोजन कराया। इस मौके पर मुख्य अतिथि सांसद महेश कश्यप तथा विशेष अतिथि महापौर संजय पाण्डेय, बस्तर चेंबर आफ कॉमर्स अध्यक्ष श्याम सोमानी विशेष रूप से उपस्थित थे। अतिथियों ने श्रमिक दिवस के विषय में विस्तार से लोगों को अवगत कराया। बताया गया कि मजदूर वर्ग के खून पसीने से गांव से लेकर शहर तक का संपूर्ण विकास होता है। अभाव व गरीबी में रहने के बावजूद श्रमिक वर्ग देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। इसलिए इनका हमेशा सम्मान होना चाहिए। वहीं उनकी मेहनत का वाजिब मूल्य भी काम के बदले मिलना चाहिए। संजय बाजार व्यापारी कल्याण संघ के अध्यक्ष पंकज सिंघल ने कहा कि इस मार्केट में रोजाना सैंकड़ों की संख्या में श्रमिक वर्ग पसीना बहाकर सभी के लिए काम करते हैं। श्रमिक के बिना कोई भी काम यहां पूरा नहीं होता है। इसलिए उन्हें केवल एक दिन सम्मान कर भूल जाने की मंशा नहीं रखनी चाहिए। इनके पसीने से सारे काम होते हैं इसलिए वे रोजाना सम्मान के अधिकारी हैं। इस मौके पर संघ के सचिव हरिश नागवानी, सहसचिव विष्णु ठाकुर समेत बड़ी संख्या में व्यापारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## स्टील निर्माण की प्रक्रिया से कलेक्टर हुए अवगत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर



कलेक्टर आकाश छिकारा ने शुक्रवार को नगरनार स्थित एनएमडीसी इस्पात संयंत्र का भ्रमण कर वहां की कार्यप्रणाली और उत्पादन गतिविधियों का अवलोकन किया।

इस दौरान कलेक्टर ने सबसे पहले सुरक्षा मानकों को प्राथमिकता देते हुए सेफ्टी इंडक्शन हॉल का निरीक्षण कर संयंत्र परिसर के भीतर अपनाए जाने वाले सुरक्षा नियमों और आपातकालीन तैयारियों की जानकारी ली। इसके पश्चात वे संयंत्र के सबसे महत्वपूर्ण हिस्से, ब्लास्ट फर्नेस पहुंचे, जहां उन्होंने कच्चे माल से लोहे के निर्माण की जटिल प्रक्रिया को प्रत्यक्ष रूप से देखा और तकनीकी बारीकियों के बारे में विस्तार से जानकारी ली। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान संयंत्र के अधिकारियों के साथ संयंत्र की उत्पादन क्षमता और वर्तमान प्रदर्शन पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने विशेष रूप से इस बात की जानकारी ली कि संयंत्र अपनी निर्धारित रेटेड क्षमता के अनुरूप कार्य कर रहा है या नहीं, साथ ही उन्होंने यहाँ से निकलने वाले विभिन्न फिनिश्ड प्रोडक्ट्स और उनकी बाजार उपयोगिता के बारे में विस्तार से पूछताछ की। अधिकारियों ने उन्हें अवगत कराया कि संयंत्र निरंतर बेहतर उत्पादन की दिशा में अग्रसर है और सभी तकनीकी मानकों का कड़ाई से पालन किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों के साथ संवाद कर संयंत्र के भविष्य की योजनाओं और औद्योगिक प्रगति के संबंध में भी चर्चा की। इस मौके पर नगरनार एनएमडीसी इस्पात संयंत्र के अधिकारी, एसडीएम ऋषिकेश तिवारी, तहसीलदार राहुल गुप्ता सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9वीं में प्रवेश परीक्षा 10 को

जगदलपुर। मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत प्रयास आवासीय विद्यालयों के शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 9वीं में प्रवेश परीक्षा 10 मई को होगी। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग आयुक्त ने जारी सूचना में बताया कि परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए विद्यार्थियों को सुबह 9.30 से 10 बजे के बीच ओएमआर शीट भरने का समय दिया जाएगा। जिसके पश्चात प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक प्राक्चयन परीक्षा होगी। इस परीक्षा में शामिल होने के इच्छुक अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र 1 मई से परीक्षा के दिन 10 मई की सुबह 9.30 बजे तक आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। यदि किसी विद्यार्थी को प्रवेश पत्र डाउनलोड करने में कोई तकनीकी समस्या आती है, तो वे जिले के आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
11 मई,25 मई, 06 जून, 15 जून, 05 सितम्बर,
10 सितम्बर, 26 सितम्बर,10 अक्टूबर, 22अक्टूबर, 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 31,500/-, 2 एसी- 38,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

प्रवेश सूचना: उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ाएँ कदम!
गायत्री इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, जगदलपुर (छ.ग.)
(Indian Nursing Council / CG Govt. / CGNRC / Ayush University द्वारा मान्यता प्राप्त)
शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु प्रवेश प्रारंभ
(नर्सिंग और फार्मेसी दोनों क्षेत्रों में)
क्या आप स्वास्थ्य और सेवा के क्षेत्र में एक सफल करियर बनाना चाहते हैं?
हमारी संस्था आपको दे रही है एक बेहतरीन और सुनहरा अवसर। हमारे यहाँ अनुभवी शिक्षकों द्वारा उच्च स्तरीय शिक्षण और प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है।
उपलब्ध कोर्सेज (Courses Offered)
बी.एससी. नर्सिंग (B.Sc. Nursing) (INC & CGNRC approved)
जी.एन.एम. (G.N.M.) (INC & CGNRC approved)
डी. फार्मेसी (D. Pharmacy) (PCI approved)
विशेष आकर्षण एवं सरकारी योजना का लाभ
▸ छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों के लिए सुनहरा अवसर!
▸ राज्य सरकार की निम्नलिखित योजनाओं के माध्यम से वित्तीय सहायता (Financial Assistance):
• नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना: शिक्षा हेतु विशेष वित्तीय मदद।
• मेधावी शिक्षा सहायता योजना: प्रतिभावान छात्रों के लिए प्रोत्साहन राशि।
नोट: श्रमिक कार्ड (लेबर कार्ड) के माध्यम से शासन के नियमों के तहत छात्रवृत्ति एवं सहायता का लाभ उठाएं।
हमारी अन्य शाखाएं (Our Other Branches):
• Gayatri College of Nursing, Dantewada
• Gayatri College of Pharmacy, Dantewada
• Lavkush Institute of Nursing, Kondagaon
संपर्क करें: 9893845055 | 8982571880
पता - इन्द्रावाती ब्रिज (नया पुल), डोंगाघाट, जगदलपुर, जिला - बस्तर, छत्तीसगढ़
शीघ्र प्रवेश लें - सीटें सीमित हैं!

तमसो मा ज्योतिर्गमय
SUCCESS CONVENT
SUCCESS CONVENT
HIGHER SECONDARY SCHOOL
ENGLISH MEDIUM (CGBSE Affiliation : 532015)
ADMISSION OPEN
SUCCESS BEGINS WITH GOOD SCHOOL
एडमिशन फीस फ्री 30 JUNE 2026 तक
Congratulations to Our Board Toppers
Kaushlya Yadav 98% CLASS: 5th
Jaydítya Sonkar 95% CLASS: 8th
Jigyansh Dewangan 93% CLASS: 10th
Archana Sahu 88.2% CLASS: 12th Commerce
Priyanshi Thakur 87% CLASS: 12th Agriculture
Vanya Thakur 86% CLASS: 12th Science
STREAM OFFERED:
• Mathematics
• Biology
• Commerce
• Agriculture
100 % Result In Board Examination....
The School Mobile App keeps students and parents updated all-time with latest news, results, circulars, fees, homework, classwork and more school stuff.
SALIENT FEATURES:
A.C Class Rooms
Equipped With Smart Digital Board in Every Class Room
Bus Facility
Live Streaming of Classes in Parents Mobile for K.G Classes.
Hostel Facility Available
Contact Us: 9993682697, 9752621415
ADDRESS: Azad Chowk, Jagdalpur, Bastar